बिहार सरकार
उद्योग निदेशालय
बिहार, पटना

आदेश

समाहरणालय, खगड़िया (जिला विकास शाखा) के आदेश ज्ञापांक-307/जि०वि०शा०, दिनांक 14.11.2026 के आलोक में खगड़िया जिले के विकास में प्रवासी नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने, उनके सुझाव आमंत्रित करने एवं विकास कार्यों पर चर्चा हेतु दिनांक 17.11.2026 को अपराह्न 03:00 बजे समाहरणालय, खगड़िया के मुख्य सभा कक्ष में जिला प्रशासन, खगड़िया द्वारा "प्रवासी समागम" कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

उक्त कार्यक्रम में प्रतिभागियों को राज्य में उपलब्ध निवेश अवसरों तथा राज्य की औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीतियों के अंतर्गत अनुमान्य प्रोत्साहनों से अवगत कराने हेतु विभागीय प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के उद्देश्य से श्री प्रदीप कुमार, सहायक निदेशक, निवेश प्रोत्साहन (IP) टीम, उद्योग विभाग, बिहार, पटना एवं श्री कार्तिक कुमार, उद्योग विस्तार पदाधिकारी, उद्योग मित्र को नामित किया जाता है।

श्री प्रदीप कुमार एवं श्री कार्तिक कुमार कार्यक्रम में प्रतिभागियों को निवेश अवसरों एवं प्रोत्साहनों की जानकारी देंगे। कार्यक्रम में भागीदारी हेतु वाहन का प्रबंध उद्योग मित्र, पटना द्वारा किया जायेगा।

उद्योग निदेशक
बिहार, पटना।

ज्ञापांक- 162/DI / पटना, दिनांक- 16/11/2026

<u>प्रतिलिपि:</u>

1. जिला पदाधिकारी, खगड़िया को सूचनार्थ प्रेषित।
2. महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, खगड़िया / सचिव, उद्योग विभाग, पटना के विशेष कार्य पदाधिकारी / मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, उद्योग मित्र, बिहार, पटना के विशेष कार्य पदाधिकारी को सूचनार्थ को सूचनार्थ प्रेषित ।
3. श्री प्रदीप कुमार, सहायक निदेशक, उद्योग विभाग, पटना / श्री कार्तिक कुमार, उद्योग विस्तार पदाधिकारी, उद्योग मित्र को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

उद्योग निदेशक
बिहार, पटना।